प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 12.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- मौजूदा राज्य सरकार। के कार्यकाल के दो साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आज नवाचार दिवस–स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन।
- राज्य सरकार की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार करने के लिए प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ पंहुचेंगे–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर से 50 रथों को रवाना करेंगे।
- राज्य की मसौदा मतदाता सूची 16 दिसम्बर को प्रकाशित की जायेगी–अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन अगले साल फरवरी में होगा।
- प्रदेश में कुछ जगह शीतलहर का असर जारी–अगले दो तीन दिन कई स्थानों पर बादल छाये रहने के आसार।

..........................

मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आज नवाचार दिवस– स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। ये कॉन्क्लेव जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 333 चयनित स्टार्टअप्स को 10 करोड़ 79 लाख रूपये की फंन्डिंग देंगे। कार्यक्रम में सफल स्टार्टअप संस्थापक अपने अनुभव भी साझा करेंगे। प्रदेश में स्टार्टअप्स इको सिस्टम को मजबूत करने, इन्हें मेन्टरिंग और फंडिंग उपलब्ध कराने तथा नवाचारों को बढावा देने के लिए ये कॉन्क्लेव रखा गया है। कॉन्क्लेव में स्टार्टअप प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस अवसर पर राजस्थान डिजिफेस्ट हैकेथॉन का भी शुभारम्भ किया जायेगा। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

..........................

वर्तमान राज्य सरकार की दो साल की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार करने के लिए प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में 200 प्रचार रथ पंहुचेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में ओटीएस से 50 विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वहीं जिला मुख्यालयों से जिला प्रभारी मंत्री बाकी डेढ सो रथों को रवाना करेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार को राज्य सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित हो रहे 15 दिवसीय अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सभी रथों की रोजाना जीओ टेगिंग के साथ ट्रेकिंग की जायेगी। इनकी मॉनिटरिंग राज्यस्तर पर होगी। इन रथों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों फ्लेगशिप योजनाओं और नीतिगत सुधारों की जानकारी आमलोगों तक पंहुचायी जायेगी। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि इन रथों में सरकार की विभागवार उपलब्धियों पर आधारित प्रचार सामग्री के साथ एक सुझाव पेटिका भी रहेगी। इसमें आमजन अपना फीडबैक दे सकेंगे।

..........................

राज्य सरकार के कार्यकाल की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जनसंवाद कार्यक्रम भी होंगे। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने कल जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला प्रभारी मंत्री प्रचार रथों की रवानगी के साथ अपने प्रभार वाले जिलों में जनसंवाद और प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

..........................

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोविड के दौरान काम करते हुए मरने वाले सभी डॉक्टरों के परिवारों को **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना** के तहत 50 लाख रुपये का बीमा मिलेगा। शीर्ष अदालत ने मुम्बई हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया जिसमें प्राइवेट डॉक्टरों को इसमें शामिल नहीं किया गया था।

..........................

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री शिवराज पाटिल का आज महाराष्ट्र के लातूर में अपने आवास पर निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। श्री पाटिल लंबे समय से बीमार थे। वे लोकसभा के अध्यक्ष भी रहे। श्री पाटिल ने लातूर लोकसभा सीट से सात बार जीत हासिल की थी।

..........................

चुनाव आयोग ने छह राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची की एसआईआर प्रक्रिया की समय सीमा बढा दी है। इनमें तमिलनाडु, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान–निकोबार द्वीप समूह और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इन राज्यों में ये प्रक्रिया अब इस महीने की 14 तारीख तक पूरी की जायेगी। इधर राजस्थान में वोटरलिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम कल पूरा हो गया। प्रदेश में 16 दिसम्बर को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी। इसके बाद वंचित रहे पात्र लोगों और नये मतदाताओं के पास घोषणा पत्र के जरिये नाम जुडवाने का मौका होगा। वहीं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन फरवरी 2026 में किया जायेगा।

..........................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में बने शिल्पग्राम को लोककलाओं के नये केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने कल जयपुर में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने शिल्पग्राम को लोककलाओं और लोककलाकारों के संरक्षण के प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और समृद्ध विरासत का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने प्रदेश की एतिहासिक बावडियों के संरक्षण के लिए भी व्यापक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

..........................

प्रदेश में एक के बाद एक आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले सप्ताह मौसम में बदलाव रहेगा। बादल छाये रहने से तापमान में थोडी बढोतरी होगी और लोगों को तेज सर्दी से राहत मिलेगी। इस बीच आज करौली और सवाईमाधोपुर, हनुमानगढ़ और पाली सहित कुछ स्थानों पर धुंध का असर है और ठण्डी हवायें चल रही है। प्रदेश के 19 शहरों में कल रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज हुआ और 4 डिग्री सेल्सियस के साथ फतेहपुर **शेखावाटी** की रात सबसे सर्द रही। नागौर, सीकर, दौसा, करौली, सिरोही में रात का पारा 5 से 7 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से अगले दो तीन दिन बादलो की आवाजाही बनी रहेगी।

..........................

सादुलपुर से भाजपा विधायक गुरवीर सिंह बराड ने कल टिब्बी में ऐथोनॉल फैक्ट्री मामले को लेकर लोगों से बातचीत की। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से बातचीत कर हल निकालने के प्रयास किये जायेंगे। गौरतलब है कि हनुमानगढ जिले की टिब्बी में किसान एथेनॉल फैक्ट्री को अन्यत्र स्थापित करने की मांग कर रहे है।

..........................

सवाईमाधोपुर शहर से सटे वन क्षेत्र में बाघ के हमले से एक बालक की मौत हो गई। ये बच्चा अपने पिता के साथ अटीला बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए जा रहा था कि रास्ते में बघेरे के हमले का शिकार हो गया। मौके पर मौजूदा लोगों ने किसी तरह बालक को छुडाया और अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

..........................